एक दिन वो भोला भंडारी | By Malti Bhargav |

एक दिन वो भोला भंडारी
बनके तुम नर नारी
कि ब्रज में आ गए
कि ब्रज में आ गए

पार्वती जी मना के हारी
ना माने त्रिपुरारी
कि ब्रज में आ गए
कि ब्रज में आ गए

ऐ मेरी भोली गिरजे
ले चल हमें भी अपने साथ में
राधा संग कृष्ण नाचे
मैं भी नाचूँगा तेरे साथ में
ब्रज में रास रच्यो है भारी
हमें लिवाई चलो प्यारी
कि ब्रज में आ गए
कि ब्रज में आ गए

ऐ मेरे भोले शंकर
कैसे ले जाऊँ तुम्हें रास में
कृष्ण बिना ना कोई
पुरुष जाएगा उस रास में
हँसी करेंगी ब्रज की नारी
मानो बात हमारी
कि ब्रज में आ गए
कि ब्रज में आ गए

ऐसा सजा दो मुझे
जाने ना कोई इस राज़ को
कह के बताना मुझे
अपनी सहेली ब्रजराज को
पहन के साड़ी बाँध के जुड़ा
चल चले मतवाली
कि ब्रज में आ गए
कि ब्रज में आ गए

देखा जो श्याम ने
समझ गए वो सारी बात को
ऐसी बजाई बंसी
सुध-बुध भूली भोलेनाथ को
सर से खिसक गई है साड़ी
श्याम हँसे दे ताली
भोला शर्मा गए
भोला शर्मा गए

ऐ मेरे भोले शंकर

आज से वृंदावन तेरो धाम है
ऐ मेरे भोले बाबा
आज से गोपेश्वर तेरो नाम है
पूजा करेंगी ब्रज की नारी
मानो बात हमारी
कि ब्रज में आ गए
कि ब्रज में आ गए

एक दिन वो भोला भंडारी
बनके तुम नर नारी
कि ब्रज में आ गए
कि ब्रज में आ गए

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%8f%e0%a4%95-%e0%a4%a6%e0%a4%bf%e0%a4%a8-%e0%a4%b5%e0%a5%8b-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%ad%e0%a4%82%e0%a4%a1%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-malti-bhargav/